रेलवे में खेल कोटे से भर्ती शुरू

18 खिलाड़ी होंगे ग्रुप सी पदों पर नियुक्त

छत्तीसगढ़ संवाददाता

बिलासपुर,10 मार्च। रेलवे में खेल कोटे से खिलाड़ियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी गई। इसके पहले चरण में रेलवे नार्थ इंस्टीट्यूट मैदान में बॉस्केटबॉल के खिलाड़ियों का ट्रॉयल लिया गया। इसके तहत पुरूष वर्ग में 11 खिलाड़ी व महिला वर्ग में 3 खिलाड़ियों की फिटनेस व उनका प्रदर्शन देखा गया। दपूमरे में इस साल बॉस्केटबॉल में दो महिला व दो पुरूष खिलाड़ियों की भर्ती होनी है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में स्पोर्टस कोटे से भर्ती को रेलवे बोर्ड से पिछले दिनों ही अनुमति मिल गई थी। अनुमति के बाद भर्ती प्रक्रिया मार्च में प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया था। इसी के तहत सोमवार से भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई। पहले दिन बॉस्केटबॉल के खिलाड़ियों का ट्रॉयल के लिए बुलाया गया था। इसमें पुरूष वर्ग से दिल्ली, लखनऊ, भोपाल, राजनांदगांव व टाटा के 11 खिलाड़ी आए थे। इनमें कुछ खिलाड़ी इंडियन टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं तो कुछ को गोल्ड मैडल प्राप्त है। वहीं महिला वर्ग में तीन खिलाड़ी शामिल हुईं। तीनों खिलाड़ी भिलाई की है। तय कार्यक्रम के अनुसार सुबह की पाली में रेलवे नार्थ इंस्टीट्यूट मैदान में महिलाओं का ट्रॉयल हुआ। इसके बाद शाम में पुरूष वर्ग का ट्रॉयल प्रारंभ हुआ। इस दौरान भर्ती के लिए बनाई समिति के सदस्यों ने सबसे पहले खिलाड़ियों का फिटनेस का जायजा लिया। इसमें दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद की स्पर्धा कराई गई। इसके बाद उम्मीदवारों के बीच ही मैच कराया गया। जिसमें स्पोर्ट्स स्कील आंका गया। मैच के दौरान इनका डिफेंस, शूटिंग, ड्रिब्लिंग,स्पीड आदि देखे गए।

पुरूषों का ट्रॉयल देर रात तक चला। ज्ञात हो कि मैरिट और योग्यता के आधार पर 18 खिलाड़ियों को ग्रुप सी के रिक्त पद पर नियुक्ति की जानी है। इनमें तीरंदाजी, फुटबॉल, हॉकी, बॉस्केटबॉल सहित अन्य खेलों शामिल है।

पुरूष नसबंदी, कई लाभान्वित

बलौदाबाजार, 10 मार्च। स्थानीय शासकीय अस्पताल बलौदाबाजार में सोमवार को पुरूष नसबंदी शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में बलौदाबाजार, पलारी, कसडोल, बिलाईगढ़, भाटापारा के नवयुवकों को लाभ मिला। ज्ञात हो कि पुरूष नसबंदी कराए जाने पर पुरूष को 1100 रुपए एवं लाने वाले युवक को 200 रुपए की प्रोत्साहन राशि शासन से प्राप्त होती है। शिविर में डॉ. प्रमोद तिवारी, डॉ. केएस वाजपेयी तथा शासकीय चिकित्सालय के स्टॉफ ने योगदान दिया।

जागरूकता शिविर में 10 गांवों की महिलाओं ने भाग लिया

महासमुंद, 10 मार्च लोक जागरण समिति तिल्दा के तत्वावधान में 5 मार्च को ग्राम कंवरपाली विकासखंड सरायपाली में महिला स्व. सहायता समूहों का एक दिवसीय जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कंवरपाली, घेसपाली, पलसापाली, विरकोल व आस-पास के 10 गांवों के महिला स्व. सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया।

समिति के अध्यक्ष रामचन्द्र चन्द्राकर ने बताया कि शिविर में 86 महिला एवं गांव के कृषक समूह ने स्व. सहायता समूह के संबंध में जानकारी प्राप्त की। साथ ही शिविर में समूह का गहन, जागरुकता, समूह का लक्ष्य, बैंक में खाता खोलना, लिंकेज करना आदि के संबंध विस्तार से बताया गया। राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक जिला महासमुंद के प्रबंधक आर. रापना ने समूह का गठन, नियमित बैठक आदि के बारे में जानकारी दी। शिविर में संस्था के समन्वयक महेन्द्र चंद्राकर, राठी, भानुमति चौधरी, मधुलाल चौधरी ने लघु उद्योगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दिए।

अवैध विद्युत कनेक्शन से चल रहे 33 नलकूप

किसानों पर प्रकरण दर्ज

सरायपाली, 10 मार्च। विद्युत विभाग ने विगत दिनों ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध विद्युत कनेक्शन से नलकूप चलाने के मामले में अकस्मिक छापामार कर 33 नलकूप किसानों पर कार्रवाई करते हुए इन प्रकरणों को पुलिस को सौंप दिया है।

उपरोक्त कार्रवाई के संबंध में कार्यपालन यंत्री आरके बर्मन ने बताया कि लगातार विद्युत चोरी की शिकायतों व इससे हो रहे लो वोल्टेज को ध्यान में रखते हुए आकस्मिक छापामार कार्रवाई के लिए सहायक यंत्री टीआर कोल व्ही.के डहरीया तथा कनिष्ठ यंत्री श्री सागर की एक टीम गठित की गई। उक्त टीम ने भवरपुर क्षेत्र के ग्राम करना पाली में 14, ग्राम टीपा में 12, छिर्रापाली में 6 एवं आवलाचक्का में छापा मारकर विद्युत चोरी के कुल 33 प्रकरण तैयार कर पुलिस को अग्रिम कार्रवाई के लिए सौंप दिया है।

श्री बर्मन ने बताया कि ग्राम करनापाली में पुनितराम, दुलहन, पुरुषोत्तम, नेहरुलाल, लोकनाथ, नेहरु, हेमरतन, तेजराम, प्यारी, विजय, साधराम, कीता तता दुकालु, ग्राम टीपा में रामलाल पटेल, पिताम्बर सतनामी, गंगा प्रसाद, गजानन्द पटेल, फूलसाय पटेल, नरोत्तम भांवर, रुपधर पटेल, काशीराम पटेल, धर्नुजय पटेल, बनमाली पटेल, वृंदा प्रसाद, ग्राम छिरीपाली में संवराम सिदार, मेहरुचौहान, गणेश मानिकपुरी, कुसुमलाल सिदार व ग्राम आंवलाचक्का में कन्हैयालाल बरीहा के यहां छापामार कार्रवाई की गई। इनमें अधिकांश पंप 2 से 5 एचपी के पाए गए। करनापाली के लोकनाथ, टीपा के रूपधर पटेल के यहां 2-2 नलकूपों तथा छिरीपाली में कुसुमलाल सिदार के यहां 3 पंपों के संचालन पर कार्रवाई की गई।

वहीं कुछ स्थानों पर घरेलू बिजली कनेक्शन का उपयोग व्यवसायिक रूप से किए जाने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ भी भारी जुर्माना लगाकर पुलिस को प्रकरण सौंपा गया है।

अंक जाल - 1290

	24	21	10		33	23	12	21	
15	7		3		4		5		26
17		2				4		6	15
16	7				7		5		24
33		5		8		2			
			3		5		7		32
22		4		2				3	9
27	4		8				8		19
25		6		7		6		1	14
	14	17	31	36		11	28	13	

खाली जगहों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर बाएं से दाएं व ऊपर से नीचे जोड़ें, उत्तर मटमैले रंग में दिया गया है। चारों कोनों में दी गई संख्या की जोड़ दोनों ओर से एक समान होनी चाहिए।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

भूमिगत जल स्तर नीचे, पानी के लिए मचा हाहाकार

छत्तीसगढ़ संवाददाता

धमतरी, 10 मार्च। अन्य राज्यों को जलापूर्ति करने वाला धमतरी जिले में अब पानी की समस्या गहराता जा रहा है। ज्यों-ज्यों गर्मी बढ़ती जा रही त्यों-त्यों तालाब, नल, सूख रहे हैं। अब गांवों में निस्तारी की समस्या आ खड़ी हो गई है। महानदी किनारे स्थित गांवों में भी यह स्थिति विकराल होता जा रहा है। वहीं जिले भर के 94 हैंडपंपों सूखने के कगार पर खड़ी है।

बताया गया है कि पिछले वर्षों की तुलना में जिले की भूमिगत जल की स्थिति भयानक होने वाली है। धमतरी जिले का भूमिगत जलस्तर काफी नीचे चला गया है। धमतरी ब्लॉक में तेजी से जलस्तर गिरा है। वहीं मगरलोड, कुरूद, नगरी, ब्लॉकों में भी वहीं स्थिति बरकरार है। जल स्तर गहराने का मुख्य कारण भूमिगत जलों का बर्बरता पूर्वक दोहन माना जा रहा है। धमतरी जिले में हर साल रबी में धान की फसले उगाई जाती है। जिससे धान को सर्वाधिक पानी की आवश्यकता होती है। जिले भर के किसान खेतों में ट्यूबवेल्स लगाए है। जिससे भूमिगत जल का दोहन लगातार हो रहा है इसी के चलते यह पानी की समस्या निर्मित हो गई।

जिले का जलस्तर

ब्लॉक	औसत जल स्तर मी. में		वर्तमान जल स्तर गिरावट
धमतरी	11.80	25.50	6.70
कुरूद	15.45	17.48	1.63
नगरी	16.54	17.48	0.94
मगरलोड	18.30	20.10	1.80
योग	69.09	80.16	11.97

गाड़ी की ठोकर से मासूम की मौत

बलौदाबाजार, 10 मार्च। भाटापारा मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के पास कल दोपहर एक अज्ञात वाहन की ठोकर से घर के बाहर खेलते हुए 4 वर्षीय चूरामनी साहू की घटना स्थल पर मौत हो गई। दुर्घटना के बाद वाहन चालक फरार हो गया।

पुलिस के अनुसार चूरामनी साहू की मां अपने रिश्तेदार सुभाष साहू के यहां बलौदाबाजार कुछ दिन पूर्व आई थी। आज चूरामनी घर के सामने खेल रहा था। तभी बलौदाबाजार से भाटापारा की ओर जाते वाहन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। शव के पोस्टमार्टम के बाद उसे उसके गांव धोबिन पोस्ट दामाखेड़ा थाना सिमगा भेज दिया गया।

चेतन जनभागीदारी अध्यक्ष बने

थानखम्हरिया, 10 मार्च। शिक्षा सत्र 9, 10 एवं 10, 11 के लिए स्व. ठाकुर महराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थानखम्हरिया में चेतन तिवारी को जनभागीदारी अध्यक्ष बनाया गया है।

श्री तिवारी को अध्यक्ष बनाए जाने पर उन्हें नगर के दिपक तिवारी, विकी दुबे, महेश शर्मा पार्षद संतोष देवांगन पार्षद, टिकम अग्रवाल, राजूलहरे पार्षद, गिरधारी देवांगन, मारुतिशरण तिवारी, पतंग सिंह, नईम खान, दिपक बंसल, दिपक सिन्हा, दुर्गेश सिन्हा, यशवन्त सिंन्हा, हरिशचन्द्र साहू, राधा यादव, विनोद यादव, रघुवीर सेन ने बधाई दी।

फांसी लगाकर आत्महत्या

बलौदाबाजार, 10 मार्च। नगर के एक युवक ने कल खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

पुलिस के अनुसार रामसागर तालाब के पास पांडेपारा निवासी शंकर यादव ने रिसदा रोड स्थित खेत में स्थित एक पेड़ में फांसी लगा ली। उक्त घटना की जानकारी दोपहर को एक ग्रामीण ने परिजनों को दी। आत्महत्या का कारण अज्ञात है।

निजी अस्पतालों में भी स्मार्ट कार्ड चिकित्सा सुविधा

धमतरी, 10 मार्च। जिला चिकित्सालय तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा शासन द्वारा प्राधिकृत जिले के प्राइवेट अस्पतालों में भी राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजना के तहत स्मार्ट कार्डधारी गरीब परिवारों को चिकित्सा सुविधा का लाभ मिलेगा।

कलेक्टर संगीता पी. की अध्यक्षता में विगत दिनों राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के क्रियान्वयन में प्रगति की समीक्षा की गई, जिसमें प्राईवेट अस्पताल संचालकों की शंका-समस्याओं का समाधान भी किया गया। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इस योजनान्तर्गत चिकित्सा सुविधा प्राप्त मरीजों के ईलाज के एवज में देय राशि का भुगतान एक सप्ताह के भीतर किया जाए। उन्होंने नर्सिंग होम संचालकों से आग्रह भी किया कि इस योजनान्तर्गत अधिक से अधिक गरीब परिवारों को लाभान्वित करने के उद्देश्य से ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर आयोजित किए जा, ताकि गरीब व्यक्ति बिना झिझक के प्राईवेट अस्पतालों में ईलाज कराकर इस योजना का लाभ उठा सके। प्राधिकृत प्राईवेट अस्पतालों में इस योजना के संचालन के लिए बायोमेट्रिस मशीन के परिचालन संबंधी प्रशिक्षण देने के निर्देश भी दिए गए।

ज्ञात हो कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन योजनान्तर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवन-यापन करने वाले परिवारों को स्मार्ट कार्ड प्रदाय किया जा रहा है, जिसके तहत प्रति परिवार कम से कम 05 सदस्यों को लाभान्वित किया जा सकता है। शासन द्वारा जिला चिकित्सालय धमतरी तथा सामूदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा प्राईवेट अस्पताल-किश्चियन हॉस्पिटल (बठेना), उपाध्याय नर्सिंग होम, डॉ. गुप्ता नर्सिंग होम, आदित्य नर्सिंग होम एवं डॉ. सुनील जैन नर्सिंग होम में भी ईलाज, शल्प चिकित्सा, सामान्य प्रसूति, असामान्य प्रसूति, परिवार नियोजन ऑपरेशन इत्यादि सुविधाओं का लाभ लोग पा सकेंगे।

सुडोकू - 1480 (Easy)

8			6	9			4	
		4			3	8		5
1		3		7			2	
		1			7	5	3	8
5								2
3	8	6	1			4		
	3			8		1		4
4		8	7			2		
	9			2	1			3

इस पहेली की खाली जगहों में एक से नौ के बीच के अंक भरे जाने हैं। किसी भी आड़ी या खड़ी पंक्ति में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है 3-3 के प्रत्येक ब्लाक दिए गए हैं। किसी ब्लाक में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

बलौदाबाजार। स्थानीय किडस एक्सप्रेस इंग्लिश स्कूल में कल सांस्कृतिक कार्यक्रम और नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें पलक जायसवाल प्रथम आई।

Name, Fame and Game-1397

आज हम दे रहे हैं आनंद बक्शी की संगीतमय फिल्मों के नाम जो अंग्रेजी अक्षरों की इस भीड़ में आपको ढूंढना है। नाम के हिज्जे अंग्रेजी में हैं और ये दाएं से बाएं, बाएं से दाएं, ऊपर से नीचे, नीचे से ऊपर या तिरछे- किसी भी दिशा में हो सकते हैं। उत्तर आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर। इन नामों की फेहरिस्त लंबा होने से हम इन्हें किस्तों में ले रहे हैं।

N

D	W	R	D	C	S	G	K	M	M	S	S	E	H	A	D	E	P
U	H	M	E	G	Z	H	B	E	I	U	W	K	A	N	I	L	Y
L	G	N	W	F	I	H	R	H	L	B	V	M	A	H	L	I	A
H	A	S	I	L	A	P	W	N	A	H	I	O	R	S	D	H	R
A	H	L	O	E	R	O	W	D	N	A	G	O	I	I	A	K	K
D	S	N	A	A	M	G	L	I	H	O	E	H	K	R	U	L	I
U	A	E	M	K	Z	D	G	L	R	S	V	J	E	K	L	O	K
L	N	A	E	G	A	E	O	A	Q	H	O	N	N	E	A	O	A
H	A	Z	M	T	E	H	A	G	S	A	L	A	E	R	T	H	H
A	Y	X	A	T	A	U	S	I	I	M	Y	W	E	A	D	P	A
N	A	F	S	X	R	A	J	M	C	K	M	A	J	H	U	B	N
N	N	K	T	K	R	A	U	E	U	I	Y	S	M	A	N	A	I
L	V	M	A	J	W	U	Q	R	A	H	I	A	T	M	I	J	Q
Q	X	L	N	R	M	O	X	E	G	N	Q	Y	L	A	Y	B	R
T	A	I	A	R	Y	G	A	H	A	E	G	A	X	A	A	A	O
P	O	C	K	E	T	M	A	A	R	T	E	A	D	R	M	J	U
I	R	A	F	A	S	A	N	A	H	U	S	T	A	E	P	I	R
J	G	N	A	T	A	P	I	T	A	K	N	M	A	R	P	C	H
A	R	A	D	H	A	N	A	H	N	A	P	H	C	A	B	B	A
X	R	N	I	H	A	N	R	O	Z	R	A	P	Q	H	S	I	C
S	A	A	P	E	N	T	I	K	R	O	O	D	E	N	T	I	K
P	H	O	O	L	B	A	N	E	A	N	G	A	R	E	Y	Q	F
T	J	H	E	E	L	K	E	U	S	P	A	A	R	E	T	X	S
R	A	J	A	A	U	R	R	U	N	K	D	O	B	H	A	I	H

W E

S

AMARPREM	ANGAAR	ARADHANA
AYASAWANJHOOMKE	BACHPAN	DILDAULATDUNIYA
DOBHAI	DULHADULHAN	GEET
GORAAURKALA	HARERAAMAHAREKRISHNA	HIMALAYKIGODMEIN
HUMSHAKAL	ISHQPARZORNAHIN	JABJABPHOOLKHILE
JEENEKIRAAH	JHEELKEUSPAAR	KATIPATANG
KHILONA	KITNEDOORKITNEPAAS	LOAFER
MASTANA	MEHNDILAGIMEREHAATH	MILAN
MYLOVE	NAYANASHA	PHOOLBANEANGAREY
POCKETMAAR	PYARKIKAHANI	RAJAAURRUNK
SEETAAURGEETA	SUBHAOSHAM	SUHANASAFAR

मिनी सुडोकू - 351

	4				
	6	3	5		
		5		3	
			2		
		6	3	4	
				5	

इस पहेली की खाली जगहों में एक से 6 के बीच के अंक भरे जाने हैं। किसी भी आड़ी या खड़ी पंक्ति में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है किसी ब्लाक में किसी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है।

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

गणित का चौराहा - 1210

	-		-		-4
+	■	/	■	-	
	-		-		-4
/	■	×	■	×	
	-		-		-13
8		24		-34	

हल करने का समय, शुरु..... खत्म.....

खाली जगहों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर समीकरण को पूरा करें। किसी भी अंक का दोबारा इस्तेमाल नहीं करना है। प्रत्येक आड़ी या खड़ी पंक्ति एक गणित समीकरण है। याद रहे कि गुणा और भाग पहले करना है, जोड़ व घटाना बाद में।

इसका उत्तर ढूंढें आज ही के अंक में किसी पृष्ठ पर

छत्तीसगढ़ शब्द पहेली क्रमांक-1450

1		■	■	■	■	■	■	■	■
	■	2	■	■	■	■	■	■	3
4	5		6	■	■	■	■	7	
8		■	9	10	■	11	12		
	■	13			14	■	15		
■	16			■	17	18		■	■
■		■	■	■	■		■	19	
20		21		■	22				■
	■		■	23			■	24	25
26					■	■	27		

(उत्तर आज के ही अंक में किसी पृष्ठ पर)

संकेत :-

बाएं से दाएं :-

1. हिरण
4. करीब-करीब
7. दस गुना
8. पंक्ति, कतार
9. आदत, व्यसन
11. विवाद, हुज्जत
13. धृणा
15. दोस्ती, यारी, मित्रता
16. कलह, लड़ाई
17. वर्ष, साल
19. अप्रसन्न, नाराज
20. खैरियत, सुरक्षित
22. पोस्ट का दाना
23. असमंजस की स्थिति
24. हाथ, महसूल
26. किसी अन्य की वस्तु दबा लेना
27. मोटे पर्दे की आड़।

ऊपर से नीचे:-

1. लेखिका
2. लाभदायी, अच्छा फल देने वाला
3. बिखरना, फैसला
5. हालत, दशा, पिछला
6. जल जंतुओं का पानी के भीतर सांस लेने का एक अवयव
7. स्त्रियों के पहिनने का एक पहनावा
10. गीला, भीगा हुआ
12. अनुमान अटकल
13. अदद, कीमती पत्थर
14. उस समय, तो
16. बखेड़ा झंझट
18. बचाखुचा, शेष
19. अपनी जगह से हटना
20. राय, मत
21. भीड़,
22. शुद्ध, खालिस
23. किसी से कुछ मांगना, पात्र
25. लीन, मग्न।

◆ सईद खान लवी